02.05.2019

प्रेस नोट

परीक्षा परिणामोपरांत सीबीएसई वार्षिक काउंसलिंग 02 मई से 16 मई 2019 तक क्रियाशील की गई

सीबीएसई काउंसलिंग एक आउटरीच प्रोग्राम है, जो विद्यार्थियों की विषम आबादी और विद्यालयों के विशाल भौगोलिक नेटवर्क की आवश्यकताओं का ध्यान रखता है।

परीक्षा परिणामोपरांत सीबीएसई काउंसलिंग 02 मई से शुरू होगी और 16 मई 2019 तक सभी दिनों में सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक जारी रहेगी। लगातार 22वें वर्ष, सीबीएसई दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणामों से संबंधित सामान्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं और सामान्य प्रश्नों को दूर करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों को परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा।

सीबीएसई टेली-हेल्पलाइन- द्वितीय चरण

द्वितीय चरण के दौरान, भारत के भीतर और बाहर स्थित सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के 72 प्रधानाचार्य और प्रशिक्षित परामर्शदाता **बोर्ड की ओर से स्वैच्छिक और नि: शुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे।**





<u>सीबीएसई काउंसलिंग 2019 की बहु-विधियां</u>

- टेली-काउंसलिंग (भारत के भीतर और बाहर)
- आईवीआरएस
- वेबसाईट पर व्यापक श्रवण एवं पाठ्य सामग्री

<u>भारत में केंद्रीकृत टोल फ्री एक्सेस</u>

विद्यार्थी देश के किसी भी हिस्से से टोल फ्री नंबर 1800 11 8004 पर डायल कर सकते हैं जिससे सीबीएसई हेल्पलाइन तक केंद्रीकृत पहुँच मिलती है। **देश में कॉल करने वालों को टोल फ्री एक्सेस से दो विकल्प मिलेंगे:**

क. आईवीआरएस: परीक्षा परिणामों संबंधी उपयोगी सुझावों के लिए

ख. लाइन कनेक्टिविटी: परीक्षा परिणाम से जुड़ी चिंता या तनाव के मामले में टेली ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का संपर्क प्रिंसिपल या काउंसलर तथा विशेष शिक्षक से कराया जाता है।

टेली-हेल्पलाइन 02 मई से 16 मई 2019 तक प्रात: 08 बजे से रात 10 बजे तक सभी दिनों में क्रियाशील रहेगी, जबकि कॉल कर्ता आईवीआरएस सुविधा का लाभ किसी भी समय उठा सकते हैं।

<u>सीबीएसई वेबसाइट:</u>
परिणाम संबंधी चिंता से निपटने की तकनीकें सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in में हेल्पलाइन आइकन पर उपलब्ध हैं।

रमा शर्मा
वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी